राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल ने पक्षी की मौतों पर चिंता जताई

पक्षियों की बीमारी के कारणों और बचाव के उपायों को खोजने की जरूरत – राज्यपाल

राज्यपाल के निर्देश पर पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ ढूंढ़ रहे है रोग के कारण और बचाव के उपाय

—

जयपुर, 19 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सांभर में पक्षियों की मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। राज्यपाल ने कहा है कि सांभर झील के परिक्षेत्र में हुई घटना से वे आहत हैं। पक्षियों की हो रही मौत के कारणों की जांच विशेषज्ञों को गंभीरता से करके बचाव के उपाय तत्काल ढूंढ़ने होंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र के निर्देश पर राजस्थान पशु चिकित्सा व पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति डॉ. विष्णु शर्मा द्वारा गठित समिति पक्षियों में फैले रोग के कारणों को लक्षणों, रोग के फैलाव, मौके के मुआयने और ग्रामीणों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर खोज रहे है। साथ ही पक्षियों में यह रोग आगे न फैले और बीमार पक्षियों का उपचार कर उन्हें बचाने के उपाय भी कर रहे है।

राज्यपाल श्री मिश्र पक्षियों में बीमारी को रोकने के लिए किये जा रहे प्रयासों की लगातार जानकारी ले रहे हैं।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल